भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 107
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में पर्यटक स्थलों को लोकप्रिय बनाने हेतु योजनाएं

107. **श्री राहुल कस्वां:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान में पर्यटक आकर्षण स्थलों को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार की क्या योजनाएं हैं;
(ख) क्या राजस्थान के धार्मिक स्थनों, पुरानी हवेलियों और पर्यटक आकर्षण के स्थानों की ओर विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विदेश में कोई अभियान शुरू किया गया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) विगत दो वर्षों के दौरान राजस्थान आने वाले पर्यटकों से कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): पर्यटन मंत्रालय राजस्थान सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए, सम्बन्धित राज्य सरकार के परामर्श से "स्वदेश दर्शन" और "तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्द्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन'' -प्रसाद योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/केंद्र शासित क्षेत्र (यूटी) प्रशासन/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय राजस्थान सहित भारत को समग्र रूप से बढ़ावा देता है और अपनी चल रही गतिविधियों के भाग के रूप में, यह 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण और संभावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया अकाउन्टस के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय की "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्द्धन और प्रचार'' (डीपीपीएच) ''बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्द्धन तथा प्रचार'' (ओपीएमडी), योजनाओं के माध्यम से भी संवर्द्धन किया जाता हैं।

(घ): पिछले दो वर्षों में अखिल भारतीय विदेशी मुद्रा आय (एफईई) इस प्रकार है:-

2019 - 211661 करोड़ रुपये (अनंतिम)
2020 - 50136 करोड़ रुपये (अनंतिम)

तथापि, पर्यटन के माध्यम से अर्जित विदेशी मुद्रा का राज्यवार विवरण पर्यटन मंत्रालय द्वारा नहीं रखा जाता है।

****